भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Soybean Research
खंडवा रोड, इन्दौर 452001
Khandwa Road, Indore-452001

फ़ाइल् क्रमांक **F.No. :** टेक **10-6/2024** दिनांक **Date: 16.09.2024**

IISR Soy Farmers | ICAR–Indian Institute of Soybean Research | @IisrIcar | IISR Soy Farmers

# सोयाबीन कृषकों के लिए उपयोगी सलाह / Weekly Advisory for Soybean Farmers
## (16-22 सितम्बर 2024 / 16th- 22nd September 2024)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जहाँ पर फसल परिपक्व हो चुकी हैं, लगातार बारिश से सोयाबीन की गुणवत्ता में कमी आ सकती हैं या फलियों के दाने अंकुरित होने की भी सम्भावना हो सकती हैं. अतः सलाह हैं कि उचित समय पर फसल की कटाई करे जिससे फलियों के चटकने से होने वाले नुकसान या फलियों के अंकुरित होने से बीज की गुणवत्ता में आने वाली कमी से बचा जा सके.<br>Because of continued rain during the maturity stage, the soybean crop is likely to affect in terms of its quality parameters including viability as well as risk of pre-harvest sprouting in the matured pods. Therefore, farmers are advised to harvest their crop at the right time (Physiological maturity indicating change in pod color). This will also minimize the yield losses due to shattering. However, the crop harvested at physiological maturity must be dried properly to avoid losses due to rotting of grains. |  |
| 2. | सोयाबीन की शीघ्र पकनेवाली किस्मों में 90% फलियों का रंग पिला पड़ने पर फसल की कटाई कर सकते हैं. इससे बीज के अंकुरण में विपरीत प्रभाव नहीं होता.<br>Harvest the early maturing soybean varieties immediately after the 90% pods have turned yellow. This will not have adverse effect on the seed germination. |  |
| 3. | जिन क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही हैं, कृपया अपने खेत से अतिरिक्त जल की निकासी हेतु समुचित व्यवस्था करे एवं जलभराव की स्थिति से होने वाले नुकसान से फसल को बचाए.<br>It is advised to make necessary drainage arrangement in order to maintain the quality of the soybean produce due to continuous rain at the time of maturity as a result of logging situation |  |
| 4. | बीजोत्पादन वाले खेत में फसल पर अनुशंसित फफूंदनाशक (पायरोक्लोस्ट्रोबीन 20% WG (375-500 ग्रा/हे) **या** फ्लुक्सापायरोक्साड 167 g/l + पायरोक्लोस्ट्रोबीन 333 g/l SC (300 मिली/हे) **या** पायरोक्लोस्ट्रोबीन + इपोक्कोसीकोनाजोल 50g/l एस.ई. (750 मिली/हे) **या** टेबूकोनाजोल 25.9 ई.सी. (625 मिली/हे) **या** टेबूकोनाजोल 38.39 एस.सी. (625 मिली/हे) **या** टेबूकोनाझोल 10%+सल्फर 65%WG (1.25 किग्रा./हे) **या** कार्बेन्डाजिम 12%+मेन्कोजेब 63% डब्ल्यू.पी. (1.25 किग्रा/हे) में से किसी एक फफूंदनाशक का छिडकाव करें. इसी छिडकाव से फफूंदजनित रोगों से भी सुरक्षा मिलेगी.<br>Where the crop is sown for seed purpose or the produce is to be used as seed during next season, farmers are advised to spray the crop with any of the recommended fungicides (Pyroclostrobin 20 WG (375-500 g/ha) OR Fluxapyroxad 333 g/l FS (300 ml/ha) OR Pyraclostrobin 133 g/l + Epoxiconazole 50g/l SE (750 ml/ha) OR Tebuconazole 25.9 EC (625 ml/ha) OR 38.39 SC (625 ml/ha) OR Tebuconazole 10%+Sulphur 65% WG (1.25 kg/ha) OR Carbendazim 12%+Mencozeb 63% WP (1.25 kg/ha). The spray of fungicide may also control fungal diseases like anthracnose/rhizoctonia aerial blight etc. | |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | बीजोत्पादन वाले खेत में प्रोफेनोफोस (1 लीटर/हे.) जैसे अनुशंसित कीटनाशक का छिडकाव करें इससे भण्डारगृह में नुकसान करने वाले कीट स्टिंक बग, आलमंड मोथ या पल्स बीटल जैसे कीटों से सुरक्षित किया जा सकेगा.<br>In order to ensure safety of soybean seed from storage pests (stink bug, almond moth and pulse beetle), it is advised to spray the crop with profenophos (1l/ha) | |
| 6. | सोयाबीन की कटी हुयी फसल को धुप में सुखाने के पश्चात गहाई करें. तुरंत गहाई करना संभव नहीं होने की स्थिति में बारिश से बचाने हेतु फसल को सुरक्षित स्थान पर इकठ्ठा करें.<br>The harvested crop must be threshed after sun drying. If the threshing is to do later, it should be stored at safe place protecting from rains. | |
| 7. | आगामी वर्ष बीज के रूप में उपयोगी सोयाबीन की फसल की गहाई 350 से 400 आर.पी.एम. पर करें जिससे बीज की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़े.<br>If the produce is for seed purpose in the next season, farmers are advised to thresh the soybean at 350 to 400 RPM thresher to avoid the loss of seed germination. | |
| 9. | जहाँ फसल अभी दाने भरने की स्थिति में हैं, विशेषकर लम्बी अवधि की सोयाबीन किस्मों में फली छेदक इल्ली (पोड बोरर) द्वारा होने वाले नुकसान को कम करने हेतु फसल पर इंडोक्साकार्ब 15.80 % EC (333 मिली/हे.) **या** इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 (425 मि.ली./हे), **या** ब्रोफ्लानिलाइड 300 g/l एस.सी. (42-62 ग्राम/हे), **या** फ्लूबेंडियामाइड 39.35एस.सी ( 150 मि.ली.) **या** नोवाल्युरोन + इन्डोक्साकार्ब एस .सी.( 825-875मि.ली/.हे). में से किसी एक कीटनाशक का छिडकाव करें.<br>If the soybean crop is at pod filling stage, particularly in long duration soybean varieties, farmers are advised to apply the spray of any one of the following insecticides for the control of pod borers: These are, Indoxacarb 15.80 % EC (333 ml/ha). OR Emamectin benzoate 01.90 % EC (425 ml/ha) OR Broflanilide 300 g/l SC (42-62 g/ha) **OR** Flubendiamide 39.35 % w/w SC (150 ml/ha) **OR** Novaluron 05.25 % + Indoxacarb 04.50 % SC (825-875 ml/ha). |   |
| 10. | जहाँ फसल अभी दाने भरने की स्थिति में हैं, विशेषकर लम्बी अवधि की सोयाबीन किस्मों में **तम्बाकू की इल्ली** के नियंत्रण हेतु निम्न में से किसी भी एक रसायन का छिडकाव करें : इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 (425 मि.ली./हे), ब्रोफ्लानिलाइड 300 g/l एस.सी. (42-62 ग्राम/हे), **या** एसिटेमीप्रीड 25%+बायफेंथ्रिन 25%WG (250ग्रा./हे) **या** फ्लूबेंडियामाइड 20डब्ल्यू.जी (250-300 ग्राम/हे) **या** फ्लूबेंडियामाइड 39.35एस.सी ( 150मि.ली.) **या** इंडोक्साकार्ब 15.8 एस .सी (333 मि.ली/हे ), **या** टेट्रानिलिप्रोल 18.18 एस.सी., (250-300मिली/हे) **या** स्पायनेटोरम 11.7एस.सी (450 मिली/हे) **या** नोवाल्युरोन + इन्डोक्साकार्ब 04.50 % एस. सी. (825-875 मिली/हे) का छिडकाव करें. |  |
| | If the soybean crop is at pod filling stage particularly in long duration soybean varieties, farmers are advised to apply the spray of any one of the following insecticides for the control of Tobacco caterpillar (*Spodoptera litura*). These are: Emamectin benzoate 01.90 % EC (425 ml/ha) **OR** Broflanilide 300 g/l SC (42-62 g/ha) **OR** Acetamiprid 25% + Bifenthrin 25 % WG (250 g/ha) **OR** Flubendiamide 20 % WG (250-300 g/ha) **OR** Flubendiamide 39.35 % w/w SC (150 ml/ha) **OR** Indoxacarb 15.80 % EC (333 ml/ha), **OR** Tetraniliprole 18.18 SC (250-300 ml/ha) **OR** Spinoteram 11.7 SC (450 ml/ha) **OR** Novaluron+Indoxacarb 04.50% SC (825-875 ml/ha). | |

JOIN NOW IISR Soy Farmers YouTube facebook Instagram ICAR–Indian Institute of Soybean Research @iisrIcar Telegram IISR Soy Farmers JOIN NOW